# FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2023

   **FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0023 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 31/10/2023 14:37 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 420 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 3 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(b) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

   1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 01/01/2021 **Date To (दिनांक तक):** 31/10/2023

   **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 00:00 hrs

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 31/10/2023 **Time (समय):** 13:50 hrs

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 006 **Date and Time (दिनांक और समय):** 31/10/2023 14:17 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 5 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

      (b) **Address (पता):** DTO OFFICE SECTOR-5,PANCHKULA

      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

      **District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

   (a) **Name (नाम):** INSP AMIT KUMAR

   (b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 01/06/1982 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

   (e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | PS/ACB/PKL, ACB, Panchkula, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | PS/ACB/PKL, ACB, Panchkula, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-9466633634

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेन्द्र कुमार रेड्ड एम0वी0ओ0 | | | 1. कार्यालय सचिव क्षेत्रीय परिवहन,प्राधिकरण अधिकारी कम डी0टी0,ओ0 यमुनानगर व पंचकुला lPANCHKULA,HARYANA,INDIA |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

सेवा में,प्रबन्धक अफसर,थाना, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सैक्टर 17, पचंकूला। श्रीमान जी,निवेदन है कि महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा के पत्र पृ0 क्रमांक 19411/I-1/एस0वी0बी0 दिनांक 12.12.2022 की अनुपालना में जांच क्रमांक 05 दिनांक 17.11.2022, पंचकूला में श्री सुरेन्द्र कुमार रेड्ड, एम0वी0ओ0 कार्यालय सचिव, क्षेत्रीय परिवहन

प्राधिकरण अधिकारी-कम-डी0टी0ओ0 युमनानगर व पंचकूला के विरूद्ध पडताल हेतू प्राप्त हुई थी, जिसमें प्रतिवादी द्वारा आय के जायज स्त्रोतों से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने, जाली डिग्री के आधार पर पदोन्निति लेने व ओवरलोड गाडियों से मंथली लेने बारे आरोप थे।

आरोपों की पड़ताल के दौरान पाया गया है कि श्री सुरेन्द्र कुमार रेड्डू, परिवहन विभाग में दिनांक 18.04.1990 को लिपिक के पद पर भर्ती होना पाया गया है। जांच के दौरान प्रतिवादी की आवासीय, एग्रीकल्चर सम्पत्ति का ब्यौरा तथा प्रतिवादी द्वारा समय-2 पर भरी गई सम्पत्ति तथा आयकर विवरणियों की प्रतियाँ विभागों से प्राप्त की गई हैं। सम्पत्ति विवरणी, राजस्व विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्रधिकरण विभाग की रिपोर्ट अनुसार प्रतिवादी तथा प्रतिवादी की पत्नी द्वारा अपने व अपने पुत्र व पुत्री के नाम से निम्नलिखित सम्पत्तियां अर्जित की गई हैं :-
1. वर्ष 1993 में 10 मरले का मकान न0 339, सैक्टर 15 सोनीपत में 2. वर्ष 2001 में 6 मरले का मकान न0 1084, सैक्टर 7, सोनीपत 3. वर्ष 2002 में 10 एकड जमीन गांव मोई हुड्डा, जिला सोनीपत में 4. वर्ष 2004 में 250 वर्ग गज का प्लाट न0 697, सैक्टर 7, पंचकूला 5. वर्ष 2004 में 8 मरले का प्लाट न0 956, सैक्टर 17, पंचकूला 6. वर्ष 2004 में 6 मरले का प्लाट न0 203, सैक्टर 23, पंचकूला, 7. वर्ष 2006 में एक कनाल का प्लाट न0 387पी0, सैक्टर 2 एम0डी0सी0, पंचकूला में 8. वर्ष 2008 में 9.5 एकड जमीन गांव मोई हुड्डा, जिला सोनीपत में 9. वर्ष 2014 में मकान न0 697, सैक्टर 7, पंचकूला की रैनोवेशन पर 55 लाख रूपये खर्च किए गए 10. वर्ष 2018 में 1 एकड भूमि गांव कोट, जिला पंचकूला में 11. वर्ष 2019-20 में 605 वर्ग गज का रिहायशी प्लाट न0 404, सैक्टर 6, एम0डी0सी0, पंचकूला में 12. वर्ष 2022 में 3 एकड् जमीन गांव कोट, जिला पंचकूला में 13. वर्ष 2021-22 में गांव कोट, जिला पंचकूला में 121 कनाल 11 मरले भूमि 14. वर्ष 2021-22 में गांव अलीपुर, जिला पंचकूला में 38 कनाल 5 मरले भूमि, जिस पर 2600 वर्ग फीट का एक गोदाम भी बनाया हुआ है।

प्रतिवादी द्वारा अपने विभाग से केवल वर्ष 2003 में रिहायशी प्लाट, वर्ष 2004 में प्लाट/फलैट, वर्ष 2016 में एस0यू0वी0 कार तथा वर्ष 2019 में प्लाट खरीदने हेतू अनुमति ली जानी पाई गई है। इसके ईलावा किसी भी सम्पत्ति को खरीदने व बेचने की अनुमति विभाग से नहीं ली गई है।

प्रतिवादी द्वारा आयकर विभाग में भरी गई आयकर विवरणियों के अवलोकन से पाया गया कि प्रतिवादी व उसकी पत्नी द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2011-12 से 2022-23 तक प्रतिवादी की आय क्रमश 2,40,331, 2,69,492, 3,01,998, 4,02,260, 4,47,256, 5,16,614, 6,11,627, 7,21,334, 6,51,766, 5,13,050, 6,14,800 व 53,88,030 होनी पाई गई है जबकि प्रतिवादी की पत्नी की इस प्रकार ही वर्ष 2011-12 से 2022-23 तक आय 3,93,433, 3,86,604, 4,70,277, 4,79,075, 4,34,357, 5,77,666, 7,31,330, 7,68,412, 14,53,030, 8,05,100, 7,67,910, 1,58,15,070 रूपये होनी पाई गई है।

जैसे कि स्पष्ट है कि प्रतिवादी की वर्ष 2011-12 से वर्ष 2021-22 तक 11 वर्षो की कुल आय 52,90,528/- रूपये तथा प्रतिवादी की पत्नी की इस प्रकार 11 वर्षो की कुल आय 75,37,194/- रूपये रही है। जबकि उपरोक्त जांच दर्ज होने के बाद प्रतिवादी द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2022-23 में आय क्रमशः 53,88,030/- रूपये व 1,58,15,070/- रूपये दर्शाई गई है कि जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रतिवादी द्वारा एक ही वर्ष में अतिरिक्त आय अर्जित होनी सामने नहीं आई है।

प्रतिवादी व उसकी पत्नी द्वारा सरकारी सेवा में आने के बाद लगातार वर्षों में सम्पत्तियाँ खरीद की गई हैं। जबकि अगर इनकी आयकर विवरणी से पिछले 11 वर्षे की आय का आंकलन कर लिया जाए तो यह कुल 1,28,27,722/- रूपये बनती है जबकि प्रतिवादी द्वारा अर्जित उक्त सम्पत्ति की बजार कीमत कई करोड रूपये है। प्रतिवादी के विरूद्ध इस ब्यूरो में जांच शुरू होने के बाद वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आय 2,12,03,100/- रूपये आयकर विवरणी में दर्शाई गई है। जोकि पिछले 11 वर्षो की कुल आय से भी कहीं अधिक है।

जिला पंचकूला के गांव कोट व अलीपुर की एक एकड की जमीन की बजार कीमत लगभग 3 से 4 करोड़ या इससे भी अधिक है। जहाँ प्रतिवादी व उसकी पत्नी द्वारा वर्ष 2021-22 में ही भारी मात्रा में जमीन खरीद की गई। जिला सोनीपत के गांव मोई हुड्डा में भी काफी जमीन खरीद की गई है, जिसकी प्रति एकड बजार कीमत करोड़ों में है। इसके अतिरिक्त प्रतिवादी द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्रधिकरण में कई प्लाट खरीद किए गए हैं, जिसकी कीमत भी कई करोड़ रूपये है।

उक्त से स्पष्ट है कि प्रतिवादी द्वारा अपने, अपनी पत्नी व अपने बच्चों (जिनकी उम्र 18 व 20 वर्ष है व उनकी कोई आय भी नहीं है) के नाम अधिकतर सम्पत्तियों की खरीद विभाग से अनुमति लिए बिना व विभाग को गुमराह करके की गई है। इसके ईलावा यह भी देखा गया है कि प्रतिवादी व उसकी पत्नी द्वारा इस ब्यूरो में जाँच शुरू होने

पश्चात भारी मात्रा में आयकर भरा गया है, जबकि इस अवधि में उनकी कोई खास आय होनी भी सामने नहीं आई है। इसके अतिरिक्त प्रतिवादी एक बार जाँच में शामिल होने हेतू आया परन्तु उस द्वारा वांछित रिकार्ड व पूर्ण कथन कई बार पत्र/नोटिस लिखकर बुलाने उपरान्त भी उपलब्ध नहीं करवाया गया, जो उस द्वारा जाँच में कोई सहयोग नहीं किया गया।

इसके ईलावा इस ब्यूरो की जाँच क्रमांक 09 दिनांक 24.10.2007, अम्बाला की पड़ताल के दौरान प्रतिवादी की आय-व्यय की जाँच की गई थी। जाँच के दौरान प्रतिवादी द्वारा अपनी सम्पत्ति बारे शपथ पत्र व कथन अंकित करवाया गया था। प्रतिवादी द्वारा (वार्षिक सम्पत्ति विवरण अनुसार) वर्ष 2002 में उसके द्वारा गांव मोई हुड्डा, जिला सोनीपत में 10 एकड कृषि भूमि खरीद की जानी दर्शाई है जिसको उस जाँच में अपनी पुश्तैनी भूमि दिखाकर इस ब्यूरो को गलत सूचना देकर लाभ प्राप्त किया गया है तथा इस ब्यूरो को गुमराह किया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि प्रतिवादी द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान अपनी आय के जायज स्त्रोतों से अधिक सम्पत्ति अर्जित करके तथा इस ब्यूरो में दर्ज जाँच क्रमांक 09 दिनांक 24.10.2007, अम्बाला में गलत सूचना/शपथ पत्र देकर जुर्म जेरधारा 13 (1)(बी0) R/W 13 (2) पी0सी0 एक्ट 1988 व 420 भा0द0सं0 किया जाना पाया गया है। तफतीश के दौरान प्रतिवादी व उसके परिवारिक सदस्यों द्वारा सेवाकाल के दौरान अगर और भी सम्पत्तियाँ अर्जित की गई हैं व प्रतिवादी द्वारा जाली डिग्री के आधार पर पदोन्नति लेने तथा ओवरलोड गाडियों से मंथली लेने वाले आरोप को भी देख लिया जाए।

लिहाजा मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चौकसी विभाग के यादी क्रमांक 51/25/2022-2 चौ0 । दिनांक 19.04.2023 अनुसार प्राप्त आदेशों की अनुपालना में प्रतिवादी सुरेन्द्र कुमार रेडू, एम0वी0ओ0 कार्यालय सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण अधिकारी-कम- डी0टी0ओ0 यमुनानगर व पंचकूला के विरूद्व जेरधारा 13 (1)(बी0) R/W 13 (2) पी0सी0 एक्ट 1988 व 420 भा0द0सं0 के तहत अभियोग अंकित करने के लिए लेख प्रस्तुत है, जिस पर अभियोग अंकित करके प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां ईलाका मैजिस्ट्रेट व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जाए तथा नकल मिसल व असल तहरीर आगामी अनुसन्धान के लिए श्री दविन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक के हवाले की जाएं।

अज- थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकूला sd-Amit(अमित कुमार)निरीक्षक, थाना भ्र.नि.ब्यू.,पंचकूला,दिनांक-31/10/2023 at:-01:50 PM पुलिस कार्यवाही:-उपरोक्त तहरीर पर अभियोग नम्बर 23 दिनाँक 31.10.2023 धारा 13(1)b R/W 13(2) पी.सी.एक्ट 1988 व 420 भा0द0सं0 के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकुला दर्ज रजिस्टर किया गया । प्र0सू0रि0 की प्रतियां इलाका मैजीस्ट्रैट कोर्ट पंचकुला की सेवा मे ईमेल के माध्यम से व उच्च अधिकारियो की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल आगामी अनुसंधान हेतु अनुसंधान अधिकारी श्री दविन्द्र सिहँ उप पुलिस अधीक्षक के हवाले की गई है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** DEWINDER SINGH **Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** DSP **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): Kushal Singh

Rank (पद): SP (Superintendent of Police)

No. (सं.): HPS

14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1971 | | | | |

**Is pox pitted:** Yes

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**